an>

Title: Regarding changing the name of Bhabhua Road Railway statior in Bihar as Maa Mundeshwari Dham Railway Station

श्री छेदी पासवान (सासाराम): पूर्व मध्य रेलवे के पं0 दीन दयाल उपाध्या (मुगलसराय) मण्डल में स्थापित 'भभुआ रोड स्टेशन' पर्यटन की दृष्टिकोण अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां काफी संख्या में पर्यटकों (यात्रियों) श्रद्धालुओं क आना-जाना लगा रहता है। ज्ञातव्य हो कि इस स्टेशन से माता- मुण्डेश्वरी धाम, कैमू पहाड़ पर अवस्थित तेलहर कुण्ड, हरशुब्रम्ह, गुप्ता धाम, जगदहवाँ बान्ध इत्यादि स्थानों पर भ्रमण हेतु भी पर्यटकों (दर्शकों) तथा श्रद्धालुओं का आवागमन बराब लगा रहता है, पर्यटकों, यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं आम जनता का मंशा है कि भभुअ रोड स्टेशन का नाम परिवर्तित कर 'माँ मुण्डेश्वरी धाम' के नाम से किया जाए। अत मेरा विशेष अनुरोध है कि भभुआ रोड स्टेशन के नाम को परिवर्तित कर राष्ट्री पर्यटक केन्द्र 'मॉ मुण्डेश्वरी धाम' स्टेशन के नाम से करने हेतु संबंधित मंत्रालय क निर्देशित करने की कृपा की जाए।